# प्रेस नोट थाना अमरोहा नगर

दिनांक 01.07.2021

## सनसनीखेज हत्या की घटना का अनावरण कर हत्यारा गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 28.01.2021 को वादी शाकिर पुत्र हबीब निवासी मौ0 कटकुई नई बस्ती थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा द्वारा अपने पुत्र कामिल उम्र 09 वर्ष के गुमशुदा होने पर थाना अमरोहा नगर पर मु0अ0सं0 34/2021 धारा 363 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया था ,अगले दिन गुमशुदा बच्चे कामिल का शव एस्सार पैट्रोल पम्प के पास नौगावां रोड पर मिलने पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 302 भादवि की बढोत्तरी की गई। विवेचना के दौरान सत्तार पुत्र अजीज निवासी शाहपुर अब्दुल वारी थाना कांठ जनपद मुरादाबाद व शानू उर्फ आसिफ उर्फ असलम पुत्र अहसान निवासी ग्राम जोई थाना डिडौली जनपद अमरोहा मूल निवासी ग्राम उकसी रायपुर थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा के नाम प्रकाश मे आये थे।

उक्त घटना का खुलासा करते हुये थाना अमरोहा नगर पुलिस द्वारा आज दिनांक 01.07.2021 को दोपहर समय करीब 12.40 बजे मौ0 कुरैशी चौपाल के पास से अभियुक्त शानू उर्फ आसिफ उर्फ असलम पुत्र अहसान निवासी ग्राम जोई थाना डिडौली जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ विवरण:-**

पूछताछ पर अभियुक्त शानू द्वारा बताया गया कि दिनांक 28.01.2021 की शाम को मै और सत्तार शाकिर के बेटे कामिल को वासुदेव मंदिर घुमाने के बहाने ले गये थे तथा पेटेंट चाय की फैक्ट्री के पास सडक के किनारे खडे पेडो के पास कामिल को लेजाकर ईंट से कामिल का सर कुचलकर उसकी हत्या कर दी। सत्तार आत्मग्लानि मे आत्महत्या कर चुका हैं।



**<u>हत्या का कारण:-</u>** अभियुक्त सत्तार मृतक का सगा मौसा था। सत्तार को शक था कि उसकी पत्नी के सम्बन्ध मृतक के पिता से थे जिसका बदला लेने के लिये उसने इस घटना को अंजाम दिया था।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त:-</u>**

1. शानू उर्फ आसिफ उर्फ असलम पुत्र अहसान निवासी ग्राम जोई थाना डिडौली जनपद अमरोहा।

**<u>बरामदगी:-</u>**

1. स्पलेन्डर पल्स मोटर साईकिल रजि0 नं0 UP 23AE8457

**<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्त शानू:-</u>**

1. मु0अ0सं0 334/2021 धारा 363,302 भादवि थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राम प्रसाद शर्मा थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा।
2. उ0नि0 श्री सुनील कुमार मौर्या थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा।
3. का0 1262 सुनील मलिक थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा।
4. का0 1226 विशेष राणा थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा।
5. म0का0 1182 जितेश थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा।

उत्तर प्रदेश पुलिस